स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रेस नोट संख्या 155, दिनांक 19–05–2025

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा अयोजित जूनियर क्लर्क एवं लैब अटेन्डेण्ट भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह के 07 सदस्य सरगना सहित गिरफ्तार।

दिनांकः 19–05–2025 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को नवोदय विद्यालय जूनियर क्लर्क एवं लैब अटेन्डेण्ट भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह के 07 सदस्यो को सरगना सहित गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः

1– सूरज मौर्या पुत्र प्रदीप मौर्या ग्राम लीलहट थाना फूलपुर, प्रयागराज। (गैंग लीडर)
2– शम्भूनाथ प्रजापति पुत्र शिवशंकर प्रजापति ग्राम चिरौरी, थाना फूलपुर, प्रयागराज। (गैग सदस्य)
3– अरविन्द कुमार पुत्र सूरजबली नि0 ग्राम कन्नौजा थाना फूलपुर, प्रयागराज। (गैग सदस्य)
4– रितेश मौर्या पुत्र प्रदीप मौर्या ग्राम लीलहट थाना फूलपुर, प्रयागराज। (परीक्षार्थी)
5– हरिकेश यादव पुत्र हरिहर यादव ग्राम चकरा, थाना बलुआ, चन्दौली। (परीक्षार्थी)
6– शिवम सिंह पुत्र यशवन्त लाल नि0 पडीला इस्माइगंज, थाना थरवई, प्रयागराज। (परीक्षार्थी)
7– अंजली मौर्या पत्नी राहुल मौर्या नि0 ग्राम वशीपुरा थाना मीर्जामुराद, वाराणसी। (परीक्षार्थी)

बरामदगीः–

1– 09 अदद ब्लूटूथ डिवाइस सिम कार्ड सहित
2– 03 अदद ओएमआर शीट।
3– 11 अदद एडमिट कार्ड।
4– 03 अदद प्रश्न पत्र।
5– 05 अदद सिम कार्ड।
6– 04 अदद मोबाइल फोन।
7– 04 अदद आधार कार्ड।
8– 01 अदद पैन कार्ड।
9– रू0 6,520/–

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक–

1– दिनांक 18–05–2025 समय 11.15 बजे। स्थान सेन्ट मेरी कान्वेन्ट स्कूल घूरपुर, प्रयागराज।
2– दिनांक 18–05–2025 समय 16.40 बजे। स्थान स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल फाफामऊ, प्रयागराज।
3– दिनांक 18–05–2025 समय 19.30 बजे। स्थान रिंगरोड कान्हा पार्किंग, सरायइनायत, प्रयागराज।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अयोजित नवोदय विद्यालय समिति के विभिन्न पदों पर आयोजित भर्ती परीक्षा–2025 को नकलविहीन एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु एसटीएफ उ0प्र0 को निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयो/टीमों द्वारा अभिसूचना सकंलन एवं कार्यवाही प्रचलित थी। इसी क्रम में श्री प्रमेश कुमार शुक्ल, के पर्यवेक्षण में कार्यरत मुख्यालल स्थित टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 17–05–2025 को उप निरीक्षक श्री जोवद आलम सिद्दीकी, मु0आ0 कवीन्द्र साहनी, मृत्युन्जय सिंह, मुनेन्द्र सिंह, यशवन्त सिंह, वीर प्रताप, अजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम जनपद प्रयागराज में भ्रमणशील थी। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 18–05–2025 को नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह का सरगना सूरज मौर्या द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर ब्लूटूथ डिवाईस के साथ परीक्षार्थियों को भेजा गया है और एक दिन पूर्व ब्लूटूथ डिवाईस के समुचित उपयोग हेतु उन्हे प्रशिक्षित भी किया गया है। आज सेन्ट मेरी स्कूल, घूरपुर में होने वाली इस परीक्षा के प्रथम पाली में सूरज मौर्या का भाई रितेश मौर्या ब्लूटूथ डिवाइस सहित बैठेगा तथा स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में 03 परीक्षार्थी परीक्षा देने हेतु बैठेगे। प्राप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस व सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापको के सहयोग से अनुचित साधनों का प्रयोग कर प्रतियोगी परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। परीक्षार्थियों एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ब्लूटूथ डिवाईस के माध्यम से परीक्षार्थियों को उत्तर कुन्जी लिखाने वाले गैग के सरगना सूरज मौर्या सहित 02 अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त सूरज मौर्या ने पूछताछ पर बताया कि वर्तमान समय में इफ्को कम्पनी फूलपुर में नौकरी करता है। दिनांक 18–05–2025 को उसके छोटा भाई रितेश मौर्या की नवोदय विद्यालय जूनियर क्लर्क एवं लैब अटेन्डेण्ट पद की परीक्षा सेन्ट मेरी कन्वेट स्कूल घूरपुर मे थी। जिसे ब्लूटूथ डिवाइस देकर परीक्षा में बैठने हेतु भेजा गया था। उक्त परीक्षा का उत्तरकुन्जी बच्चा यादव निवासी सोरांव द्वारा अरविन्द यादव को भेजी गई थी। अरविन्द यादव मेरे व्हाटसएप पर भेजता था। उक्त उत्तरकुन्जी को शम्भू, अरविन्द एवं मेरे द्वारा प्रयागराज, लखनऊ, सिक्किम व दिल्ली के परीक्षा केन्द्रों पर ब्लूटूथ डिवाईस के माध्यम से परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को नोट कराया जा रहा था। इस परीक्षा में नकल कराने के एवज में प्रति अभ्यर्थी 10 लाख रूपये की बात तय थी।

इसके पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी, पेट (पी0ई0टी0), आरओ/एआरओ, ट्रिपल–सी, रेलवे व बैंक भर्ती की परीक्षा में भी कई अभ्यर्थियों को ब्लूटूब डिवाइस के माध्यम से नकल कराया था। इन परीक्षाओ की उत्तरकुन्जी भी बच्चा यादव द्वारा ही उपलब्ध करायी गयी थी। परीक्षा शुरू हाते ही बच्चा यादव को व्हाट्सएप पर पेपर मिल जाता है, जिसकी उत्तरकुन्जी बनाकर तत्काल भेज देता है। हमारे द्वारा परीक्षार्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से उत्तर नोट कराकर हल कराया जाता है। इस गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल व उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में फैला है। इसके अतिरिक्ति कई परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 शीट परीक्षा केन्द्र में न भरवाकर उसे सेन्टर से मिलीभगत कर बाहर भरवाया जाता है।

इस सम्बन्ध में थाना सराय इनायत, प्रयागराज में मु0अ0सं0 151/25 धारा 11, 13(5) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधि0–2024 व 318(2), 318(4) बीएनएस, थाना थरवई, प्रयागराज में मु0अ0सं0 135/2025 धारा 11, 13(5) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधि0–2024 व 318(2), 318(4) बीएनएस एवं थाना घूरपुर, प्रयागराज में मु0अ0सं0 167/2025 धारा 3,4,10,11 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधि0–2024 का अभियोग पंजीकृत कराया गया है जिनमें अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।